**Series : Z4WYX**

**SET~2**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 58/4/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

• • •

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*

***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-**I** के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-**II** के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** __________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, केन्द्रीय बैंक, विदेशी विनिमय (मुद्रा) दर को सीमाबद्ध रूप से नियंत्रित कर सकता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) स्थिर

(B) नम्य

(C) प्रबंधित तिरती

(D) स्वर्ण मान

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## Macro Economics

**1.** Under the ___________ Exchange Rate System, the Central Bank can control the foreign exchange rate in a range bound manner.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Fixed

(B) Flexible

(C) Managed floating

(D) Gold standard

• • •

**2.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* प्रत्यक्ष कर व्यक्तियों/कम्पनियों की आय/लाभ पर आरोपित किए जाते हैं।

*कारण (R) :* प्रत्यक्ष करों के भुगतान का बोझ किसी अन्य इकाई पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**3.** कीन्स के सिद्धांत के अंतर्गत, 'संदर्भ रेखा' (Reference Line) __________ कोण पर खींची गई मूल-बिंदु से गुज़रने वाली एक सीधी रेखा है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 25° (B) 40°

(C) 45° (D) 70°

**4.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) से तात्पर्य प्रति आय इकाई उपभोग से है।

*कथन 2 :* आय में वृद्धि के फलस्वरूप, उपभोग के स्तर में आनुपातिक वृद्धि सदैव आय के स्तर में वृद्धि से अधिक होती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**5.** प्राथमिक घाटे के मापन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान __________ पर ध्यान केन्द्रित करना है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) वित्तीय असंतुलनों (B) वित्तीय संतुलनों

(C) ऋणों की वसूली (D) नकद सहायता अनुदान

• • •

2. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R).
Choose the correct alternative from the options given below : *1*

*Assertion (A) :* Direct taxes are imposed on income/profits of individuals/companies.

*Reason (R) :* The burden of payment of direct taxes cannot be shifted to any other entity.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

3. Under the Keynesian theory, 'Reference Line' is a straight line passing through the origin drawn at an angle of __________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) 25° (B) 40°

(C) 45° (D) 70°

4. Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Marginal Propensity to Consume (MPC) refers to the consumption per unit of income.

*Statement 2 :* As the income increases, the proportionate increase in the level of consumption is always more than the increase in the level of income.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

5. The main objective of measuring the primary deficit is to highlight present ______________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) fiscal imbalances (B) fiscal balances

(C) recovery of loans (D) cash grant-in-aid

• • •

**6.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* जापान से भारी मशीनरी का आयात विदेशी मुद्रा की माँग का एक स्रोत है।

*कथन 2 :* वायनाड (केरल) में भूस्खलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक (IBRD) द्वारा वित्तीय सहायता, विदेशी मुद्रा की आपूर्ति का एक स्रोत है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**7.** एक द्वि-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में, समग्र माँग __________ व __________ के योगफल द्वारा निर्धारित की जा सकती है। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) उपभोग, निवेश

(B) निवेश, बचत

(C) उपभोग, बचत

(D) बचत, निर्यात

**8.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* सरकार किसी अर्थव्यवस्था में प्रचलित अपस्फीतिकारी अंतराल को नियंत्रित करने के लिए, रेपो दर में कमी कर सकती है।

*कथन 2 :* सरकार खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की बिक्री द्वारा, अपस्फीतिकारी अंतराल में कमी कर सकती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**9.** साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि ($GVA_{FC}$) के मूल्य को प्राप्त करने के लिए, बाज़ार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि ($GVA_{MP}$) में/में से ___________ को ___________ जाना चाहिए।

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) मूल्यह्रास, जोड़ा

(B) मूल्यह्रास, घटाया

(C) निवल अप्रत्यक्ष कर, जोड़ा

(D) निवल अप्रत्यक्ष कर, घटाया

• • •

**6.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Import of heavy machinery from Japan is a source of demand for foreign exchange.

*Statement 2 :* Financial aid by International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) for landslide in Wayanad (Kerala) is a source of supply of foreign exchange.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**7.** In a two-sector economy, the Aggregate Demand can be determined by adding __________ and __________.

(Choose the correct option to fill in the blanks) *1*

(A) consumption, investments (B) investments, savings

(C) consumption, savings (D) savings, exports

**8.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The government may reduce the repo rate, to control deflationary gap prevailing in the economy.

*Statement 2 :* The government may reduce the deflationary gap, by selling off government securities (G-Sec) in the open market.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**9.** To arrive at the value of Gross Value Added at Factor Cost ($GVA_{FC}$), ____________ must be ___________ to/from Gross Value Added at Market Price ($GVA_{MP}$). (Choose the correct option to fill in the blanks) *1*

(A) depreciation, added

(B) depreciation, subtracted

(C) Net Indirect Taxes, added

(D) Net Indirect Taxes, subtracted

• • •

**10.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* सार्वजनिक वस्तुएँ, वे वस्तुएँ होती हैं, जिनके लिए राष्ट्र की समस्त इकाइयों द्वारा भुगतान किया जाता है।

*कथन 2 :* निजी वस्तुएँ, वे वस्तुएँ होती हैं, जो किसी राष्ट्र की सरकार द्वारा उपदानित (subsidised) दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।
(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**11.** (क) किसी देश में राष्ट्रीय आय के आकलन की आय विधि से संबंधित किन्हीं दो सावधानियों की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर : *3*

*(₹ करोड़ में)*

| *वर्ष* | *नाममात्र GDP* | *नाममात्र GDP (आधार वर्ष की कीमतों से समायोजित)* |
|---|---|---|
| 2020 – 21 | 3,000 | 5,000 |
| 2022 – 23 | 4,000 | 6,000 |

2020 – 21 को आधार वर्ष मानते हुए, वर्ष 2022 – 23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए।

**12.** "आय की असमानताओं को कम करने के लिए कराधान एक प्रभावी उपकरण है।"
वैध कारणों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

**13.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

एक शोध संस्था द्वारा निर्गमित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में समग्र माँग, विशेषकर निजी उपभोग खंड में, तीव्र गिरावट आई है। वृहद् आर्थिक चरों में यह कमी, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीतिक कार्यवाहियों की तत्काल आवश्यकता को परिलक्षित करती है।

दिए गए गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, उन उपायों की व्याख्या कीजिए जिन्हें सरकार संकेतिक समस्या को ठीक करने के लिए उठा सकती है। *4*

**14.** (क) भुगतान संतुलन खाते के अंतर्गत पूँजी खाते के किन्हीं दो घटकों की व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) स्वायत्त लेनदेनों व समायोजन लेनदेनों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *4*

**15.** एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित को मानते हुए, सम-स्तर आय व संतुलन आय के स्तरों का अनुमान लगाइए : *4*

(i) स्वायत्त उपभोग व्यय (  ) = ₹ 50 करोड़

(ii) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0·2

(iii) स्वायत्त निवेश ($I_0$) = ₹ 100 करोड़

• • •

**10.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Public goods are those goods for which the payments are made by all the entities in the country.

*Statement 2 :* Private goods are those goods which are provided by the government of a country at subsidised rates.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**11.** (a) Explain any two precautions pertaining to the Income Method of Estimation of National Income in a country. *3*

**OR**

(b) On the basis of the following hypothetical data : *3*

*(in ₹ crore)*

| *Year* | *Nominal GDP* | *Nominal GDP (adjusted to base year prices)* |
|---|---|---|
| 2020 – 21 | 3,000 | 5,000 |
| 2022 – 23 | 4,000 | 6,000 |

Calculate the percentage change in Real Gross Domestic Product (GDP) in the year 2022 – 23 using 2020 – 21 as the base year.

**12.** "Taxation is an effective tool to reduce the inequalities of income." *3*

Justify the given statement with valid reasons.

**13.** Read the following text carefully :

According to a report issued by a research organisation, there is a sharp decline in the overall demand in the economy, particularly in the private consumption segment. This dip in the macro economic variables, highlights the urgent need for strategic actions to stimulate economic activities.

On the basis of the given text and common understanding, explain the measure which the government may take to solve the indicated problem. *4*

**14.** (a) Elaborate any two components of the Capital Account under the Balance of Payments Account. *4*

**OR**

(b) Distinguish between Autonomous transactions and Accommodating transactions. *4*

**15.** Assuming the following for a hypothetical economy, estimate the Break-even level of Income and Equilibrium level of Income : *4*

(i) Autonomous Consumption Expenditure (  ) = ₹ 50 crore

(ii) Marginal Propensity to Save (MPS) = 0·2

(iii) Autonomous Investments ($I_0$) = ₹ 100 crore

• • •

**16.** (क) (i) मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में X, Y व Z हैं। एक वर्ष के दौरान, अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित लेनदेन किए गए हैं :

(I) फर्म X द्वारा फर्म Y को ₹ 20,000 तथा फर्म Z को ₹ 12,000 के मूल्य का माल बिक्री किया गया।

(II) फर्म Y द्वारा फर्म X को ₹ 11,000 तथा फर्म Z को ₹ 35,000 के मूल्य का माल बिक्री किया गया।

(III) फर्म Z द्वारा गृहस्थों को ₹ 57,000 के मूल्य का माल अंतिम उपभोग के लिए बिक्री किया गया।

दिए गए लेनदेन के आधार पर अर्थव्यवस्था में, बाज़ार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) के मूल्य की गणना कीजिए। *4*

(ii) किसी देश में 20 नए अस्पतालों के निर्माण का किसी अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व कल्याण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की चर्चा कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, शुद्ध घरेलू उत्पाद ($NDP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाइए। *4*

| *क्र.सं.* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | गृहस्थ उपभोग व्यय | 800 |
| (ii) | सकल व्यापारिक स्थायी पूँजी निर्माण | 150 |
| (iii) | सकल आवासीय निर्माण निवेश | 120 |
| (iv) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 270 |
| (v) | आयात का निर्यात पर आधिक्य | 20 |
| (vi) | मालसूची (Inventory) निवेश | 50 |
| (vii) | सकल सार्वजनिक निवेश | 130 |
| (viii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 20 |
| (ix) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय | (–) 25 |
| (x) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 40 |

(ii) "आय के चक्रीय प्रवाह के निपटान (Disposition) चरण में फर्मों से गृहस्थों तक कारक आय (factor income) का प्रवाह सम्मिलित होता है।"
वैध कारण देते हुए कथन को सिद्ध कीजिए। *2*

• • •

**16.** (a) (i) Suppose there are only three firms in an imaginary economy, viz. X, Y and Z. During a year, the following transactions took place in the economy :

(I) Firm X sold goods worth ₹ 20,000 to Firm Y and ₹ 12,000 to Firm Z.

(II) Firm Y sold goods worth ₹ 11,000 to Firm X and ₹ 35,000 to Firm Z.

(III) Firm Z sold goods worth ₹ 57,000 to households for final consumption.

On the basis of the given transactions, calculate the value of Gross Domestic Product at Market Price ($GDP_{MP}$) in the economy. *4*

(ii) Discuss the likely impact of construction of 20 new hospitals in a country on the Gross Domestic Product (GDP) and Welfare in the economy. *2*

**OR**

(b) (i) On the basis of the following data, estimate the value of Net Domestic Product ($NDP_{FC}$) : *4*

| *S.No.* | *Items* | *Amount (in ₹ Crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Household Consumption Expenditure | 800 |
| (ii) | Gross Business Fixed Capital Formation | 150 |
| (iii) | Gross Residential Construction Investment | 120 |
| (iv) | Government Final Consumption Expenditure | 270 |
| (v) | Excess of Imports over Exports | 20 |
| (vi) | Inventory Investments | 50 |
| (vii) | Gross Public Investments | 130 |
| (viii) | Net Indirect Taxes | 20 |
| (ix) | Net Factor Income from Abroad | (–) 25 |
| (x) | Consumption of Fixed Capital | 40 |

(ii) "Disposition phase of circular flow of income involves flow of factor income from firms to households."

Justify the statement giving valid reason. *2*

• • •

**17.** (क) उपयुक्त संख्यात्मक उदाहरण द्वारा साख सृजन प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए। *4*

(ख) निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

"मुद्रा का यह कार्य एक सामान्य मानक के सामने मूल्यांकन की जाने वाली विभिन्न मदों को उपलब्ध कराता है। यह मूल्यों की तुलना करने व वित्तीय रिकॉर्ड रखने की अनुमति देता है।"

(i) दिए गए गद्य के आधार पर, मुद्रा के संकेतिक कार्य की पहचान कीजिए। *1*

(ii) मुद्रा के किन्हीं दो अन्य कार्यों को सूचीबद्ध कीजिए। *1*

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा 1947 के पश्चात् भारत व पाकिस्तान की नीतियों में समानता को इंगित ***नहीं*** करता है। *1*

(A) दोहरी कीमत-निर्धारण नीति
(B) हरित क्रांति
(C) आयात प्रतिस्थापन
(D) मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रणाली

**19.** पहचान कीजिए कि, भारत की ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत में एक सुचारु रूप से संरचित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का निर्माण किया गया था।

(B) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली में बहु-एजेंसी संस्थानों का एक समूह सम्मिलित है।

(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी व भूमि विकास बैंक भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के कुछ महत्त्वपूर्ण घटक हैं।

(D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है।

**20.** स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत के नीति निर्माताओं ने प्रथम __________ पंचवर्षीय योजनाओं के लिए 'आत्मनिर्भरता' पर बल दिया था।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) 8
(B) 7
(C) 6
(D) 5

• • •

**17.** (a) Elaborate the process of Credit Creation using a suitable numerical example. *4*

(b) Read the following text carefully :

"This function of money provides different items to be evaluated against a common standard. It allows comparison of prices and keeping financial records."

(i) On the basis of the given text, identify the indicated function of money. *1*

(ii) List any other two functions of money. *1*

## SECTION B
## Indian Economic Development

**18.** Identify, which of the following does ***not*** indicate the similarities in the policies of India and Pakistan in the post 1947 period. *1*

(A) Dual pricing policy (B) Green revolution

(C) Import substitution (D) Mixed economic system

**19.** Identify, which of the following statements is ***incorrect*** about the Rural Banking system in India. (Choose the correct option) *1*

(A) In the post-independence period, a well-structured Rural Banking system was formulated in India.

(B) Rural Banking system in India consists of a set of multi-agency institutions.

(C) Regional Rural Banks, Cooperative and Land Development Banks are few important components of Rural Banking system in India.

(D) Rural Banking system in India works under the guidance, instruction and supervision of the State Bank of India.

**20.** In the post-independence era, the policy makers of India pushed for 'self-reliance' for the first __________ Five Year Plans.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) 8 (B) 7

(C) 6 (D) 5

• • •

**21.** किसी विशेष फसल के स्थान पर, फसलों की विविध किस्मों का उत्पादन ________ के विविधीकरण के रूप में जाना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) फसलों

(B) कृषि उत्पादन

(C) क्षेत्रीय संरचना

(D) रोज़गार

**22.** पहचान कीजिए कि, पर्यावरण के कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) संसाधन उपलब्ध कराना

(B) अपशिष्ट अवशोषित कराना

(C) जीवन बनाए रखना

(D) जीवन की गुणवत्ता का ह्रास करना

**23.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* भारतीय खाद्य निगम, बाज़ार तंत्र को सुधारने के उपाय के रूप में गेहूँ व चावल का बफर स्टॉक बनाए रखता है।

*कथन 2 :* न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP), सरकार द्वारा कृषकों के हितों की रक्षा के लिए निर्धारित किया जाता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

**24.** मान लीजिए कि, एक अर्थव्यवस्था बिना किसी उचित रोज़गार के अवसरों में वृद्धि के, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि की स्थिति का सामना कर रही है।
आर्थिक भाषा में, ऐसी स्थिति को __________ वृद्धि कहा जाता है।
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) आकस्मिक

(B) अनौपचारिक

(C) औपचारिक

(D) रोज़गार विहीन

• • •

**21.** Production of diverse varieties of crops rather than one specialized crop is known as diversification of __________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) crops

(B) agricultural production

(C) sectoral composition

(D) employment

**22.** Identify, which of the following statements is ***incorrect*** about the functions of environment. (Choose the correct option) *1*

(A) Provides resources

(B) Absorbs wastage

(C) Sustains life

(D) Deteriorates quality of life

**23.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The Food Corporation of India maintains buffer stocks of wheat and rice as a measure to improve market mechanism.

*Statement 2 :* Minimum Support Price (MSP) is imposed by the government to safeguard the interest of farmers.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

**24.** Suppose an economy is experiencing a situation of rise in Real Gross Domestic Product (GDP), without any corresponding rise in the employment opportunities.

In economic parlance, such a situation is termed as _________ growth.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) casual

(B) informal

(C) formal

(D) jobless

• • •

**25.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* परमिट लाइसेंस राज के अत्यधिक विनियमन ने कुछ निजी फर्मों को प्रतिस्पर्धी बनने से रोका था।

*कारण (R) :* निजी क्षेत्र ने उत्पाद की गुणवत्ता व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने के बजाय लाइसेंस प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण समय बर्बाद किया था।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**26.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* भारतीय कृषि के व्यावसायीकरण के लिए ब्रिटिश नीतियाँ ज़िम्मेदार थीं।

*कथन 2 :* भारतीयों के व्यापक हितों के लिए, ब्रिटिश शासकों ने भारत की आधारिक-संरचना के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया था।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

25. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from the options given below : *1*

*Assertion (A) :* Excessive regulation of permit license raj prevented certain private firms from becoming more efficient.

*Reason (R) :* Private sector wasted a significant time in obtaining licenses rather than enhancing product quality and international competitiveness.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

26. Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* The British policies were accountable for commercialisation of Indian agriculture.

*Statement 2 :* In the larger interest of Indians, the British rulers focused on the infrastructural growth of India.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

• • •

**27.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* मानव पूँजी में निवेश में विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए सूचना महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

*कारण (R) :* लोग श्रम बाज़ार व अन्य क्षेत्रों जैसे शिक्षा तथा स्वास्थ्य के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए निवेश करते हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

**28.** पाकिस्तान में गरीबी के उद्भव के लिए ज़िम्मेदार कारणों की व्याख्या कीजिए। *3*

**29.** (क) "ब्रिटिश शासन के अंतर्गत, भारत को व्यवस्थित आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ा, इसके साथ संसाधन व धन संपदा ब्रिटेन हस्तांतरित किए गए थे।"

दिए गए कथन की वैध स्पष्टीकरण द्वारा पुष्टि कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) 1991 के सुधारों में भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नवरत्न नीति का मूल्यांकन कीजिए। *3*

**30.** (क) (i) मानव पूँजी व भौतिक पूँजी में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

(ii) ग्रामीण क्षेत्रों में 'LPG' व 'गोबर गैस' का धारणीय विकास प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाने वाली रणनीति के रूप में वर्णन कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) ग्रामीण भारत में सूक्ष्म-साख (micro-credit) कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। *3*

(ii) धारणीय विकास के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *1*

• • •

**27.** Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R).
Choose the correct alternative from the options given below : *1*

*Assertion (A) :* Information plays a crucial role in judicious decision-making about investing in human capital.

*Reason (R) :* Individuals invest to acquire information about the labour market and other areas such as education and healthcare.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**28.** Elaborate the reasons responsible for emergence of poverty in Pakistan. *3*

**29.** (a) "Under the British rule, India underwent systematic economic exploitation with its resources and wealth being diverted to Britain."

Justify the given statement with valid explanation. *3*

**OR**

(b) Appraise the Navratan policy adopted by the Government of India in the reforms of 1991. *3*

**30.** (a) (i) Distinguish between human capital and physical capital. *2*

(ii) Describe 'LPG' and 'Gobar Gas' as strategies used to achieve sustainable development in rural areas. *2*

**OR**

(b) (i) Critically appraise the micro-credit programmes in rural India. *3*

(ii) State the meaning of sustainable development. *1*

• • •

**31.** दिए गए गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

तीव्र गति से वृद्धिमान जनसंख्या के प्रति-उत्तर में, चीन ने 'एकल संतान नीति' प्रारंभ की थी। इस नीति के अंतर्गत युगलों (couples) को केवल एक ही संतान पैदा करने की अनुमति प्रदान की गई थी। इस नीति ने चीन को जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायता की थी।

इस नीति के महत्त्वपूर्ण परिणाम भी उत्पन्न हुए, जैसे कि वृद्धों की अधिक जनसंख्या, पुत्रों को प्राथमिकता देने के कारण लिंग असंतुलन एवं एकल संतानों के लिए सामाजिक चुनौतियाँ आदि।

2015 में इस नीति में ढील दी गई, जिससे सभी युगलों को दो संतान पैदा करने की अनुमति मिल गई थी तथा 2021 में इसे और शिथिल करके तीन संतानों तक कर दिया गया था।

कुल मिलाकर, जबकि एकल संतान नीति ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के अपने प्राथमिक लक्ष्य को प्राप्त किया था, परन्तु इसने जनसांख्यिकीय व सामाजिक चुनौतियों का एक जटिल समूह भी उत्पन्न किया जिसका सामना चीन आज भी कर रहा है।

(क) चीन में एकल संतान नीति के कार्यान्वयन के परिणामों को समझाइए। *3*

(ख) चीन में एकल संतान नीति के कार्यान्वयन के किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए। *1*

**32.** मान्य तर्कों द्वारा, उल्लेख व विस्तृत व्याख्या कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य :

(क) जैविक कृषि, महँगे कृषि आगतों को स्थानीय स्तर पर उत्पादित जैविक आगतों से प्रतिस्थापित करने का एक साधन प्रदान करती है। *2*

(ख) भारत में कार्यबल के अनौपचारीकरण ने देश के युवाओं के मध्य रोज़गार सृजन के मोर्चे पर विभिन्न चिंताओं में वृद्धि की है। *2*

• • •

**31.** Read the given text carefully and answer the following questions :

In response to the problem of rapidly rising population, China introduced the 'One Child Policy'. The policy restricted couples to having only one child. This policy helped China to limit the population growth.

This policy led to significant consequences, such as an increase ageing population, gender imbalances due to male child preference and social challenges for single children, etc.

This policy was relaxed in 2015, allowing all couples to have two children and further relaxed to three children in 2021.

Overall, while the One Child Policy achieved its primary goal of controlling population growth, it also created a complex set of demographic and social challenges that China continues to address today.

(a) Explain the consequences of implementation of the One Child Policy in China. *3*

(b) State any one reason for the implementation of the One Child Policy in China. *1*

**32.** State and elaborate whether the following statements are true/false, with valid arguments :

(a) Organic farming offers a means to substitute costlier agricultural inputs with locally produced organic inputs. *2*

(b) Informalisation of workforce in India, has increased various concerns on the front of employment generation among the youth of the country. *2*

• • •

**33.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आँकड़ों के अनुसार, विगत छ: वर्षों में, भारतीय श्रम बाज़ार संकेतकों में सुधार हुआ है। 2022 – 23 में बेरोज़गारी दर घट कर 3·2% हो गई है। कार्यबल में युवाओं व महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि से जनसांख्यिकीय व लैंगिक लाभांश का लाभ उठाने के अवसर प्राप्त हुए हैं। फैक्ट्री रोज़गार आँकड़े वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में संगठित विनिर्माण क्षेत्र में उछाल को दर्शाते हैं इसके साथ ही रोज़गार में वृद्धि व कारखानों का विस्तार सम्मिलित है।

विगत पाँच वर्षों में EPFO के अंतर्गत शुद्ध वेतन प्राप्त करने वाले दोगुने से अधिक हो गए हैं, जो कि स्वस्थ विकास व औपचारिक रोज़गार का संकेत है।

गुणवत्तापूर्ण रोज़गार सृजन करने व उसे बनाए रखने के लिए कृषि-प्रसंस्करण व देखभाल अर्थव्यवस्था के दो आशाजनक विकल्प हैं।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भारतीय कार्यबल में बढ़ती हुई युवा व महिला भागीदारी का कोई एक महत्त्व बताइए। *1*

(ख) भारत में गुणवत्तापूर्ण रोज़गार सृजन हेतु आशाजनक माने जाने वाले किन्हीं दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए। *2*

(ग) उपयुक्त उदाहरण की सहायता से प्रच्छन्न बेरोज़गारी के अर्थ की विस्तृत व्याख्या कीजिए। *3*

**34.** (क) (i) "वैश्वीकरण की प्रक्रिया से भारतीय अर्थव्यवस्था को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ है।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन को सिद्ध कीजिए। *4*

(ii) बहुपक्षीय व्यापार व द्वि-पक्षीय व्यापार में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) 1991 के उपरांत अवधि में भारत सरकार द्वारा किए गए विदेशी मुद्रा के सुधारों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। *4*

(ii) प्रशुल्क (Tariffs) व कोटा (Quotas) में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

• • •

**33.** Read the following text carefully :

Indian labour market indicators have improved in the last six years, as per the Periodic Labour Force Survey Data. The unemployment rate has fallen to 3·2% in 2022 – 23. Rising youth and female participation in the workforce present an opportunity to tap the demographic and gender dividend. The factory employment data exhibits the bounce back of the organised manufacturing sector in FY 2022 – 23 with rise in employment and the upscaling of factories.

The net payroll additions under EPFO have more than doubled in the past five years, signalling healthy growth in formal employment.

To generate and sustain quality employment, agro-processing and care economy are two promising candidates.

On the basis of the given text and common understanding, answer the following questions :

(a) State any one significance of rising youth and female participation in the Indian workforce. *1*

(b) Identify any two sectors which may be highlighted as promising for generating quality employment in India. *2*

(c) Elaborate the meaning of disguised unemployment with the help of a suitable example. *3*

**34.** (a) (i) "Indian economy has greatly benefitted by the process of globalisation." *4*

Justify the given statement with valid arguments.

(ii) Distinguish between Multilateral Trade and Bilateral Trade. *2*

**OR**

(b) (i) Discuss briefly the foreign exchange reforms undertaken by the Government of India in the post 1991 period. *4*

(ii) Distinguish between Tariffs and Quotas. *2*